Rediffusion/Edelman

Coverage Report: TCS IT Wiz – National Finals

टीसीएस आईटी विज 2016 नेशनल फाइनल्स में दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल बना रनरअप

● जागरण सिटी रिपोर्टर ●

भारत के सबसे बड़े इंटर-स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज-2016 के नेशनल फाइनल्स में दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल की टीम के हार्दिक पटेल और निश्चय शोपुरकर दूसरे उप-विजेता बने। उन्हें एक कांस्य पदक, आई फोन,1 टीबी हार्ड डिस्क तथा पॉवर बैंक के व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ स्कूल के लिए ट्राफी मिली। क्विज के पांच राउंड्स के अंत में दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा की प्रथा धर तथा प्रणव धर नेशनल चैम्पियन बनकर उभरे। वहीं नेवी चिल्ड्रन स्कूल, कोची के अर्जुन सुनील और नंदु कृष्णन एस प्रथम उप विजेता रहे। फाइनल्स में ग्रैण्ड फिनाले पर चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए 8 शहरों से आई आठ उत्कृष्ट टीमों के साथ जमकर मुकाबला करना पड़ा। कंसलटिंग तथा बिजनेस साल्युशंस कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज 'टीसीएस' द्वारा आयोजित नेशनल फाइनल्स का मुकाबले 11 दिसंबर को मुंबई के ताज लैण्डस एण्ड में खेले गए थे। इसके लिए टीम को मुंबई तक हवाई यात्रा के साथ ताज में ठहरने तथा टीसीएस के सीईओ से मिलने का अवसर मिला था। इस साल की प्रतिस्पर्धा में रीजनल लेवल पर पूरे भारत के 1,328 स्कूलों के कक्षा आठ से बारह के लगभग 15,000 छात्रों ने हिस्सा लिया।